दिन– सोमवार

दिनांक– 08 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय सात हजार रुपये से बढ़ाकर नौ हजार रुपये करने की घोषणा की। आंगनबाड़ी सहायिका को अब मिलेंगे साढ़े चार हजार रुपये।

02. सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत बारहवें दस्तावेज के रूप में मान्यता दी।

03. उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान कल। एनडीए उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच है मुकाबला।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता की विजेता भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को दस लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को पांच लाख रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका के मानदेय मे बढ़ोतरी की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय सात हजार रुपये से बढ़ाकर नौ हजार रुपये कर दिया गया है। वहीं, आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय चार हजार रुपये से बढ़ा कर साढ़े चार हजार रुपये कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के इस फैसले से समेकित बाल विकास परियोजना के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न सेवाओं की गुणवत्ता में बढ़ोतरी होगी।

---

सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत बारहवें दस्तावेज के रूप में मान्यता दे दी है। अभी तक एसआईआर के लिए ग्यारह दस्तावेज निर्धारित थे। बिहार में जारी एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह आदेश सुनाया। पीठ ने कहा कि आधार को भले नागरिकता का दस्तावेज नहीं माना जा सकता है लेकिन इसे वोटर के पहचान के एक दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जा सकता है।

---

उपराष्ट्रपति पद के लिए कल चुनाव होगा। इस चुनाव में एनडीए उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से है। उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों वाले एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। अभी दोनों सदनों में कुल सात सौ इक्यासी सांसद है। इसमें चार सौ उनतालीस एनडीए के और तीन सौ चौबीस इंडिया गठबंधन के हैं। तीन सौ इक्यानवे वोट पाने वाले उम्मीदवार निर्वाचित होंगे। इस वर्ष जुलाई में स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के कारण यह चुनाव हो रहा है।

---

उप राष्ट्रपति चुनाव को लेकर जदयू सांसदों की आज नई दिल्ली में एक बैठक हुई। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री ललन सिंह ने कहा कि जदयू एनडीए के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन के साथ है।

———बाइट———

---

भाजपा ने उपराष्ट्रपति पद के विपक्षी उम्मीदवार और सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी की राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात की आलोचना की है। वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि एक तरफ श्री रेड्डी देश की आत्मा को बचाने की बात कर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ उन्होंने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात की, जो भ्रष्टाचार के कई मामलों में दोषी हैं।

———बाइट———

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों से भारत को ज्ञान और व्यापार का प्रमुख केंद्र बनाने का आह्वान किया है। आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को और अधिक आत्मनिर्भर तथा निर्यात में उत्कृष्ट बनाने की आवश्यकता है।

———बाइट———

पिछले सात दसकों के दौरान भारत के इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट्स डेस्टिनेशन में काफी बदलाव हुआ है । बदलाव के यह प्रक्रिया आपको जारी रखनी है तथा राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ भारत की अर्थव्यवस्थाओं को निरंतर मजबूत बनाने के लिए कार्य करते रहना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि कोरोना काल में रखी गई आत्मनिर्भर भारत की नींव लगातार मजबूत हो रही है।

———बाइट———

कोविड महामारी के दौरान आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू किया गया। कोविड महामारी से उत्पन्न हर प्रकार की चुनौतियों का सामना करके भारत ने जिस आत्मविश्वास का परिचय दिया और राष्ट्रीय क्षमता को बढ़ाकर बेसिक चुनौतियों का सामना करने का एक प्रेरक उदाहरण है।

---

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिवाली तक अगली पीढी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। अधिक सक्षम और जनहितैषी अर्थव्यवस्था बनाने का श्री मोदी का यह सपना 3 सितंबर को साकार हुआ जब जीएसटी परिषद ने आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुये दरों को तर्कसंगत बनाने की मंजूरी दी। आज हम वस्त्र उद्योग के लिए किए गए सुधारों पर नज़र डालेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि आम आदमी पर केंद्रित जीएसटी सुधार इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगे। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

कपड़ा क्षेत्र में जीएसटी दरों में बदलाव से ढांचे में गड़बड़ियां दूर होंगी, लागत घटेगी, मांग बढ़ेगी, निर्यात को समर्थन मिलेगा और नौकरियां बनी रहेंगी। कृत्रिम रेशों पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, वहीं कृत्रिम सूत पर इसे 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। इससे अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की समस्या दूर होगी, यानी अब रेशा, सूत और कपड़े की दरें एक जैसी होंगी। इससे निर्माताओं पर कार्यशील पूंजी का बोझ भी कम होगा। इसके अलावा, किफायती कपडें और सस्ते होंगे, जिससे विशेष रूप से मध्यम वर्ग और निम्न–आय वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा। यह सुधार छोटे शहरों और ग्रामीण बाज़ारों में मांग को भी फिर से बढ़ावा देगा। हस्तशिल्प वस्तुएँ, हथकरघा की सूती दरियाँ, हाथ से बुने गलीचे और फर्श पर बिछाए जाने वाले कवर अब केवल 5 प्रतिशत जीएसटी के दायरे में आएंगे, जो पहले 12 प्रतिशत के दायरे में थे। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने बताया कि अब कपड़ा क्षेत्र के ज़्यादातर अध्याय 5 प्रतिशत के स्लैब में आ गए हैं, जिससे निर्यात और घरेलू खपत को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अब सिंथेटिक कपड़ों के व्यापार में ज़्यादा प्रतिस्पर्धा बढेगी और आयात पर निर्भरता कम होगी। उद्योग जगत ने भी इन सुधारों का स्वागत किया है। कपड़ा व्यापारी सुशील गरोडिया ने मीडिया से कहा कि टैक्स ढांचा सरल होने से व्यापारियों पर बोझ घटेगा और इसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं को मिलेगा। सब जगह जीएसटी की रेटों में कुछ बदलाव आया है। यानी की रेटों में कुछ बदलाव आया है तो उससे कपड़ बाजार पर भी पॉजिटिव असर आने के पूरी संभावना है। इन सब चीजों से व्यापारियों को जो जीएसटी रिफंड की समस्या आ रही थी। वो भी एक मोटा–मोटी समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी। काम का जो बोझ है व्यापारियों का विवरों का वो घटेगा। उसके साथ उनको काम करने के लिए समय ज्यादा मिल पाएगा और पब्लिक की जो बचत होगी उससे वो अपनी और अन्य चीजों पर अपना बहुत ज्यादा खर्च कर पाएंगे तो उससे इकनोमी में चारो तरफ से दिवाली का जो मार्केट में बूम आता है वो ऐसा लग रहा है कि दिवाली से पहले ही आना चालू हो जाएगा। जीएसटी में यह बदलाव भारत की ष्फाइबर–न्यूट्रलष नीति को मजबूत बनाएगा, जिससे सूती और कृत्रिम दोनों तरह के कपड़ा क्षेत्रों में संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। अक्षित कुमार वैद्यान के साथ आदर्श कुमार नई दिल्ली।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता की विजेता भारतीय टीम के लिए पुरस्कारों की घोषणा की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को दस लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को पांच लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जायेगी। उन्होंने भारतीय टीम को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं।

---

रेलवे ने छठ और दीपावली पर देश के विभिन्न हिस्सों से बिहार के लिए बारह हजार सात सौ उनासी विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन को मंजूरी दी है। इसमें से आठ हजार पांच सौ इक्यानवे ट्रेन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। पिछले वर्ष त्योहारों के दौरान सात हजार पांच सौ विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया गया था।

---

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में अब ई–टिकटिंग की सुविधा शुरू हो गयी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में निगम की सभी एक हजार पैंसठ बसों में ई–टिकटिंग सुविधा का शुभारंभ किया। श्री कुमार ने महिलाओं को समर्पित अस्सी पिंक बसों का लोकार्पण भी किया।

---

नेपाल में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध के बाद काठमांडू के बानेश्वर में युवाओं के हिंसक विरोध प्रदर्शन पर नियंत्रण के लिए पुलिस की गोलीबारी में 14 लोगों की मृत्यु हो गई और 100 से अधिक घायल हो गए। प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने आज शाम काठमांडू में अपने आवास पर मंत्रिपरिषद और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाई है। विरोध प्रदर्शन अभी भी जारी है।

---

आतंकी साजिश से जुड़े एक मामले में एनआईए की टीम बिहार सहित पांच राज्यों में छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार में आठ जगहों पर छापेमारी चल रही है। हमारे कटिहार संवाददाता ने बताया कि जिले के सेमापुर थाना क्षेत्र के सुखासन गांव में एनआईए ने चार लोगों के घर पर छापेमारी की है। इस मामले में इकबाल नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

---

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन से पार्टी के लिए सम्मानजनक सीट की मांग की है। आज पटना में पार्टी की प्रदेश इकाई के पच्चीसवें सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री राजा ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार हर मोर्चे पर विफल है। बारह सितम्बर तक चलने वाले इस सम्मेलन में राज्यभर से प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

---

वरिष्ठ पत्रकार संकर्षण ठाकुर का आज नई दिल्ली में निधन हो गया। वे तिरेसठ वर्ष के थे। मूल रूप से पटना के रहने वाले संकर्षण ठाकुर ने कई समाचार पत्रों का संपादन किया था। उनकी कई पुस्तकें भी काफी चर्चित रही हैं। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राजनीतिक और पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने गहरा दुख जताया है।

---

मौसम विभाग ने कल किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने कहा है कि राज्य के उत्तरी हिस्सों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

———बाइट———

---

पटना के जे.डी. वीमेंस कॉलेज में आज एजुकेशनल डेवलपमेंट काउंसिल की ओर से शिक्षक दिवस सह गुरु शिक्षा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि गुरु का सम्मान करना हमारी संस्कृति और परंपरा का अभिन्न हिस्सा है।

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आंगनबाड़ी सेविका का मानदेय सात हजार रुपये से बढ़ाकर नौ हजार रुपये करने की घोषणा की। आंगनबाड़ी सहायिका को अब मिलेंगे साढ़े चार हजार रुपये।

02. सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर के तहत बारहवें दस्तावेज के रूप में मान्यता दी।

03. उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान कल। एनडीए उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी के बीच है मुकाबला।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एशिया कप पुरूष हॉकी प्रतियोगिता की विजेता भारतीय टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को दस लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ को पांच लाख रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की।

---

समाप्त